समस्या | ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पनागर मंडलम का पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम

# जन समस्याओं को लेकर जलाया पुतला



**नवभारत,पनागर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पनागर मंडलम सोनपुर पिपरिया पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम पिपरिया 79 वार्ड जन समस्याओ को लेकर पुतला जलाया रविवार को जिसमें जिला ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव ब्लाक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव राजेश पटेल विवेक यादव मंडलम अध्यक्ष आनंद यादव सुरेंद्र तिवारी मुकेश यादव अर्जुन कुशवाहा प्रमोद पटेल पार्षद प्रवीन चोबे सुभाष पटेल ब्लॉक अध्यक्ष बेड़ी लाल चोधरी वर अध्यक्ष दिलीप यादव सुशील यादव डॉ के के मिश्रा हुकमचंद जैन राकेश चक्रवती अतुल विश्वकर्मा श्याम सुंदर कोरी बब्बा यादव बबलू यादव बाबू यादव मनोज यादव मुनिराम बद्री चौधरी भंगी परस्ते लाला कुशवाहा विनय तिवारी सुशील प्रजापति दादा मनोज मोतिया आधार सिंह तिलक सिंह राहुल यादव दारा मनोज गोठीया ब्यास यादव सन्तोष उरमालिया उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल गाय की गौसेवकों ने बचाई जान

**शहपुरा नवभारत 29 जून।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल होकर तड़प रहे बेजुबान पशुओं के लिए नंदी गौ सेवा शाहपुरा लगातार सहारा बन रही है। सोमवार को भी संस्था के गौसेवकों ने मानवता और जीव प्रेम की मिसाल पेश करते हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई एक गाय का रेस्क्यू कर उसे बेहतर उपचार के लिए शहडोल स्थित नंदी गौ सेवा धाम पहुंचाया।

इस संबंध जानकारी देते हुए गौसेवकों ने बताया कि सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में गाय का एक पैर बुरी तरह टूट गया था। गंभीर रूप से घायल गाय सड़क किनारे दर्द से तड़प रही थी। घटना की सूचना मिलते ही नंदी गौ सेवा शहपुरा की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। गौसेवकों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल गाय का सुरक्षित रेस्क्यू किया और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। गाय की हालत गंभीर होने के कारण बिना समय गंवाए उसे विशेष वाहन से शहडोल स्थित नंदी गौ सेवा धाम भेजा गया, जहां पशु चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार किया जा रहा है। नंदी गौ सेवा शहपुरा लंबे समय से घायल, बीमार और बेसहारा गौवंश की सेवा में निरंतर कार्य कर रही है।



# तेजी से किया जा रहा पुनर्विकास का कार्य

**नवभारत, जबलपुर ।** भारतीय रेल द्वारा देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किए जाने हेतु संचालित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के सबसे महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम जंक्शन स्टेशन इटारसी का व्यापक पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। लगभग 49.84 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य किए जा रहे हैं। इटारसी स्टेशन का पुनर्विकास कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इटारसी स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म क्रमांक 4, 5 एवं 6, 7 पर कवर ओवर शेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 एवं 7 की सतह में सुधार कार्य भी प्रगति पर है।

### व्यवस्थाएं की जा रहीं विकसित

स्टेशन भवन के आंतरिक भाग, प्रतीक्षालय एवं टिकट खिड़की क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशन के शौचालयों का भी सुधार एवं आधुनिकीकरण किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का विस्तार करते हुए रैंप, दिव्यांग संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से इटारसी स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, वीडियो वॉल, क्लॉक बोर्ड, जीपीएस आधारित सीसीटीवी कैमरे तथा पीए सिस्टम जैसी आधुनिक यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। स्टेशन पर फर्नीचर एवं यात्री उपयोग की अन्य सुविधाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि विभिन्न विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से प्रगति पर हैं। भविष्य में एस्केलेटर एवं लिफ्ट जैसी सुविधाओं के विस्तार की भी योजना है, जिससे यात्रियों को और अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

# युवा कांग्रेस ने किया केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

**नवभारत,बेलखाड़ू।** बेलखाड़ू से पनागर मार्ग के मध्य में स्थित बरोदा चौराहा में पनागर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष लकी पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राजेश पटेल की अगुवाई में नीट परीक्षा में धांधली, भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।



इस दौरान प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पार्षद प्रमोद पटेल , एन एस यू आई जिला प्रवक्ता विकास पटेल, रत्नेश पटेल ,कपिल पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस अनुज पटेल ,मंडलम अध्यक्ष रोहित पटेल ,राजा पटेल, कमलेश पटेल ,जितेंद्र पटेल, धर्मेंद्र पटेल, सोनू पटेल, संदीप पटेल, अज्जू पटेल ,सौरभ पटेल, विष्णुकांत पटेल ,बबुआ पटेल ,विपिन पटेल, सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## बरसात से पहले पीएचई विभाग अलर्ट

**शहपुरा नवभारत, 29 जून।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शहपुरा की प्री-मानसून तैयारी, वर्षाकाल में जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग, शाहपुरा द्वारा व्यापक स्तर पर 'डायरिया रोको अभियान' संचालित किया जा रहा है। प्री-मानसून तैयारियों के तहत विकासखंड शाहपुरा एवं मेहंदवानी के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन कराया जा रहा है।

# सूरतलाई में तरुण व्यावसायिक शाखा में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया

**नवभारत,बेलखाड़ू।** संस्कार सिटी सूरतलाई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा संस्कार तरुण व्यावसायिक शाखा में हिंदू साम्राज्य दिवस वीर शिवाजी के राज्याभिषेक को हिंदू साम्राज्य दिवस हिंदू स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया गया। यहां वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में शिवाजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू स्वाभिमान परंपरा के रूप में मनाया जाता है इस पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य शिक्षक डॉक्टर जोगेंद्र ने मुख्य वक्ता नीलेश अग्रवाल से डॉक्टर हेडगेवार भारत माता पूज्य गुरु जी एवं शिवा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित



करने का आग्रह किया तत्पश्चा टी अमृत वचन एवं पंचांग का वचन हुआ डॉक्टर महेंद्र ने चंदन है इस देश की माटी तपोभूमि हर ग्राम है एकल गीत प्रस्तुत किया ।राम किशोर ने सामूहिक गीत वंदे मातरम गीत का दोहराव कराया तत्पश्चात मुख्य वक्ता निवेश अग्रवाल ने शिवाजी के जीवन चरित्र पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला संघ प्रार्थना के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ ।



## नगना स्कूल में सेवानिवृत्ति पर शिक्षकों ने दी विदाई

**नवभारत,बेलखाड़ू।** शासकीय प्राथमिक शाला नगना में सहायक शिक्षक देवी प्रसाद नामदेव के 44 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर शाला परिसर में विदाई समारोह रखा गया। मंचसीन अतिथियों में बेलखाड़ू पीएम श्री प्रभारी प्राचार्य बी आर परस्ते, राजेश त्रिपाठी,सचिव नंद किशोर पटेल, राकेश नगाइच आदि की उपस्थित में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

सभी ने संबोधित करते हुए शिक्षक नामदेव का पुष्पहारों से भव्य स्वागत कर स्मृति चिन्ह विदाई स्वरूप भेंट किए। इस अवसर पर सरपंच प्रदीप पटेल, अरविंद तंतुवाय, इंद्र सिंह राजपूत, संजय उपाध्याय, अरविंद शिवहरे, संगीता दुबे, दीपक सोनी आशीष नामदेव सहित अनेकों शिक्षक शिक्षिकाये बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन एवं प्रकाश सेन द्वारा किया गया।

## पंप हाउस से 151.92 लीटर अवैध शराब बरामद

**चिल्हारी नवभारत 29 जून।** जिले के अमरपुर चौकी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पंप हाउस में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है। चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में कुल 151.92 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 70 हजार बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिलने पर टीम ने पंप हाउस का ताला खुलवाकर अंदर शराब से भरे कार्टून मिले। जांच में 94 पाव अंग्रेजी शराब तथा 15 सीलबंद पेटियों में 750 पाव देशी शराब बरामद हुई। पूरी शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया।

**आरोपी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया**-पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी भैया उर्फ सुशील रौतेल से शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए।

## गायब महिला का नहीं लगा सुराग, जांच हुई तेज

**नवभारत,कटनी।** अहमदाबाद से गोरखपुर जा रही 19489 एक्सप्रेस में सफर कर रही एक विवाहित महिला के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला अब गहराता जा रहा है। तीन दिनों से ग़ायब हुई महिला का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। जीआरपी सागर से मिली जानकारी के अनुसार ग़ायब महिला के मामले की कायमी कटनी जीआरपी में की गई है। बता दे कि महिला अपने पिता और चार बच्चों के साथ एसी कोच में यात्रा कर रही थी। सफर के दौरान अचानक उसके गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो कटनी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार, अंजलि यादव अपने पिता अशोक यादव और चार बच्चों के साथ अहमदाबाद से गोरखपुर जा रही थीं। यात्रा के दौरान कुछ समय बाद जब उनके पिता की नजर सीट पर गई तो अंजलि वहां मौजूद नहीं थीं। उन्होंने पूरे कोच और ट्रेन में काफी तलाश की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद कटनी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर घटना की सूचना जीआरपी को दी गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस को महिला की आखिरी लोकेशन दमोह रेलवे स्टेशन के आसपास मिलने की जानकारी मिली है। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। जीआरपी ने सबसे पहले मैहर रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन वहां महिला का कोई सुराग नहीं मिला। अब सागर, दमोह सहित अन्य रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

## जिले के जोगीटिकरिया क्षेत्र में प्रदर्शन के कारण लगा जाम

**डिंडौरी, नवभारत 29 जून।** विगत दिवस जिले के जोगीटिकरिया क्षेत्र में प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाधित हुआ यातायात जिला प्रशासन एवं पुलिस की तत्परता से शांतिपूर्ण ढंग से बहाल कर दिया गया। अधिकारियों की सक्रियता और प्रदर्शनकारियों से संवाद के बाद स्थिति सामान्य हो गई तथा आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोध की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी समन्वय से प्रदर्शन समाप्त कराया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य रूप से संचालित होने लगा।

# जिले के जोगीटिकरिया क्षेत्र में प्रदर्शन के कारण लगा जाम

**डिंडौरी, नवभारत 29 जून।** विगत दिवस जिले के जोगीटिकरिया क्षेत्र में प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाधित हुआ यातायात जिला प्रशासन एवं पुलिस की तत्परता से शांतिपूर्ण ढंग से बहाल कर दिया गया।

अधिकारियों की सक्रियता और प्रदर्शनकारियों से संवाद के बाद स्थिति सामान्य हो गई तथा आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोध की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी समन्वय से प्रदर्शन समाप्त कराया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य रूप से संचालित होने लगा।

### सिंचाई परियोजनाएं पूर्ण होने पर मिलेगा पर्याप्त पानी

प्रशासन के अनुसार, प्रस्तावित सिंचाई परियोजनाओं के पूर्ण होने पर जिले के लगभग 80 प्रतिशत गांवों और 75 प्रतिशत किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे कृषि उत्पादन बढ़ने के साथ किसानों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही मत्स्य पालन, सिंघाड़ा उत्पादन, कमलगट्टा उत्पादन और मोती उत्पादन जैसे स्वरोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। इसके अतिरिक्त जिले में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता बढ़ेगी और जल संकट की समस्या में भी कमी आने की संभावना है।

वारदात | पुलिस गश्त पर उठे सवाल, मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ किया

# शटर तोड़कर मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी





**डिंडौरी, नवभारत 29 जून।** जिला मुख्यालय के पुरानी डिंडौरी बस स्टैंड क्षेत्र में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये के मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ कर दिया।

घटना के बाद व्यापारियों में चिंता का माहौल है, वहीं शहर की रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, पुरानी बस स्टैंड क्षेत्र स्थित रोशन मोबाइल दुकान को देर रात चोरों ने निशाना बनाया।

### पहले पंचर की दुकान में लगाई सेंध

बताया जा रहा है कि चोरों ने सबसे पहले समीप स्थित एक पंचर दुकान में सेंध लगाई, जहां से सब्बल सहित लोहे के औजार चोरी किए। इन्हीं औजारों की मदद से मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कीमती मोबाइल फोन व अन्य सामान लेकर फरार हो गए।

### चोरी गए सामान की कीमत का आंकलन नहीं हो पाया

सोमवार सुबह दुकान संचालक जब दुकान पहुंचा तो शटर टूटा देखकर घटना की जानकारी हुई। इसके बाद तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। फिलहाल चोरी गए सामान की वास्तविक कीमत का आकलन दुकान के स्टॉक मिलान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



# रविवार देर रात दो मुस्लिम पक्षों में विवाद

**डिंडौरी, नवभारत 29 जून।** जिला मुख्यालय के सुभाष वार्ड स्थित राम मंदिर के समीप रविवार देर रात दो मुस्लिम पक्षों के बीच हुए विवाद ने तनाव की स्थिति पैदा कर दी। घटना के बाद दोनों पक्षों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से कांग्रेस नेता जावेद इकबाल के पुत्र सोहेल ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे उनके चाचा डॉ. जफर इकबाल राम मंदिर के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान असर अली, सालु खान और अजहर ने कथित रूप से उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पहुंचे जावेद इकबाल के साथ भी आरोपियों ने हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी।

### एक घायल को जबलपुर किया गया रेफर

घटना में कई लोगों को चोटें आईं, जिनमें से एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। दूसरे पक्ष से हाजी अजहर ने भी सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, जफर इकबाल उनके घर के सामने पहुंचे और पुराने मस्जिद विवाद को लेकर उनके भाई सजर से बहस करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और जफर इकबाल, सोहेल, साहेब, जावेद इकबाल तथा जुबेद ने मिलकर उनके साथ मारपीट की।